# Creating digital lesson plans with CANVA
# कैनवा के साथ डिजिटल पाठ योजनाएँ तैयार करना

(अंकित जोशी ,स.अ. विज्ञान ,राजकीय इंटर कालेज नाई,अल्मोड़ा )

वर्तमान समय में हर क्षेत्र में तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग काम को आसान और तेज़ बनाने के लिए किया जा रहा है। शिक्षण में भी तकनीक का प्रयोग आवश्यक है ताकि पाठ योजनाएँ कम समय में आकर्षक और प्रभावी बनाई जा सकें। इसी उद्देश्य के लिए कैनवा (Canva) एक उपयोगी ऑनलाइन ग्राफिक डिज़ाइन प्लेटफ़ॉर्म है।कैनवा की मदद से शिक्षक आसानी से इंटरएक्टिव और रोचक पाठ योजनाएँ बना सकते हैं। इसमें टेम्पलेट्स, एनीमेशन टूल्स, चित्र, वीडियो और चार्ट जोड़ने की सुविधा है, जिससे सामग्री छात्रों के लिए सरल और दिलचस्प बन जाती है। शिक्षक अपनी योजनाएँ विद्यार्थियों और सहकर्मियों के साथ तुरंत साझा और संपादित भी कर सकते हैं।

इस प्रकार, कैनवा शिक्षकों को रचनात्मक और तकनीकी दोनों रूप से सक्षम बनाता है। इसका सरल इंटरफ़ेस समय बचाता है और शिक्षकों को सामग्री की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर देता है। कैनवा का प्रयोग करके पाठ योजनाएँ अधिक इंटरएक्टिव और दृष्टिगत रूप से समृद्ध हो जाती हैं, जिससे छात्रों का अधिगम अनुभव बेहतर बनता है।

## कैनवा(Canva)का उपयोग कर पाठ योजना बनाने के लाभ:-

कैनवा **(Canva)** का उपयोग कर पाठ योजना **(Lesson Plan)** बनाने के कई लाभ हैं। यह न केवल शिक्षक को अपने विचार स्पष्ट और आकर्षक रूप में प्रस्तुत करने में मदद करता है, बल्कि विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को भी सरल और रोचक बनाता है। आइए विस्तार से इसके मुख्य लाभ समझते हैं:-

**1. आकर्षक एवं दृश्यात्मक प्रस्तुति:-** कैनवा की सहायता से तैयार की गई डिजिटल पाठ योजनाएँ केवल लिखी हुई नहीं होती, बल्कि रंग, ग्राफिक्स, आइकॉन, इन्फोग्राफिक्स और चित्रों के माध्यम से सजाई जा सकती हैं। इससे छात्रों को विषय को समझने में आसानी होती है , और विषय में उनकी रुचि बनी रहती है।

**2. समय की बचत:-** कैनवा पर पहले से बने टेम्पलेट्स **(Templates)** उपलब्ध होते हैं। जिनमे शिक्षक को बस अपनी सामग्री डालनी होती है, जिससे समय और मेहनत दोनों बचते हैं।

**3. रचनात्मकता (Creativity) का विकास:-** कैनवा में पाठ योजना बनाते हुए शिक्षक अपनी रचनात्मकता का उपयोग कर पाठ को अधिक प्रभावी बना सकते हैं। विभिन्न रंगों, फ़ॉन्ट्स, आकृतियों और डिज़ाइन एलिमेंट्स का प्रयोग कर पाठ योजना को रोचक और प्रभावी बनाया जा सकता हैं।

**4. सहयोगात्मक कार्य (Collaboration):-** कैनवा का एक बहुत आकर्षक फीचर हैं Collaboration जिसे हम टीमवर्क भीं कह सकते हैं ।एक ही पाठ योजना पर कई शिक्षक मिलकर काम कर सकते हैं और सुझाव साझा कर सकते हैं।

**5. डिजिटल और प्रिंट दोनों रूपों में उपलब्धता:-** कैनवा पर बनी किसी भी पाठ योजना को विभिन्न रूपों जैसे कि **PDF, PPT,** इमेज ,वेब लिंक के रूप में सेव किया जा सकता है, जिसे ऑनलाइन या ऑफलाइन विद्यार्थियों को साझा किया जा सकता है । सेव की गयी अध्ययन सामग्री का प्रिंट निकालकर कक्षा में भी उपयोग किया जा सकता है।

**6. लचीलापन और अनुकूलन (Flexibility & Customization):-**कैनवा में बनाई गई पाठ योजना या लेसन प्लान को शिक्षक अपनी आवश्यकता के अनुसार बार-बार बदल सकते हैं । अलग-अलग कक्षाओं,विद्यार्थियों के स्तरों और क्षमता के अनुसार विषय सामग्री में परिवर्तन करना शिक्षक के लिए बहुत आसान हो जाता है।

**7. छात्रों की सक्रिय भागीदारी:-** शिक्षक Canva से बनी पाठ योजनाओं को इंटरएक्टिव प्रेजेंटेशन में बदल सकते हैं।इससे छात्र भी डिजिटल सामग्री बनाना सीख सकते हैं और सहभागिता बढ़ती है।


**8. नवाचार और तकनीकी दक्षता:-**Canva का उपयोग कर पाठ योजना बनाने से शिक्षक तकनीकी रूप से दक्ष बनते हैं।यह डिजिटल शिक्षा (Digital Education) और नई शिक्षा नीति (NEP 2020) की मांगों के अनुरूप है।

# Canva का प्रयोग करके आकर्षक पाठ योजना बनाने के चरण :-


कैनवा (Canva) का प्रयोग आकर्षक पाठ योजना बनाने में किया जा सकता है। आइये जानते हैं की कैनवा (Canva) का प्रयोग करके आकर्षक और प्रभावी पाठ योजना कैसे तैयार की जाए। हम सीखेंगे कि प्रकाश के परावर्तन से संबंधित एनीमेशन वीडियो का निर्माण कैनवा (Canva) की मदद से कैसे किया जाता है। प्रकाश का परावर्तन कक्षा 6 से 10 तक पढ़ाया जाता है, जिसे बिना प्रयोग के समझने में छात्रों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है, हम कैनवा (Canva) की मदद से एक ऐसा लेसन प्लान तैयार करेंगे जो एनीमेशन के रूप में होगा और उसे प्रकाश के परावर्तन और उसके नियमों को समझना छात्र के लिए बहुत आसान हो जाएगा । एनीमेशन वीडियो की खासियत यह है की वीडियो के साथ-साथ हम इसमें ऑडियो भी रिकॉर्ड कर सकते हैं, और अपनी आवाज में इसमें विषय वस्तु को बता सकते हैं ,जिससे एनीमेशन बहुत आकर्षक बनेगा इस प्रक्रिया को निम्न चरणों के माध्यम से समझने की कोशिश करेंगे:-

## चरण 1- वेब ब्राउजर को खोलना :-

सबसे पहले चरण अपने पसंदीदा वेब ब्राउज़र जैसे कि गूगल क्रोम, मोज़िला फायरफॉक्स ,सफारी या माइक्रोसॉफ्ट एज को अपने कंप्यूटर में खोलेंगे।





**चरण 2 :- Canva वेबसाइट तक पहुंचना:-** पसंदीदा वेब ब्राउज़र खोलने के पश्चात निम्नलिखित यूआरएल (url) को एड्रेस बार में टाइप करेंगे,यूआरएल (url) टाइप करने के बाद एंटर का बटन दबाएंगे तो हमें कुछ ऐसा नजर आएगा:-[https://www.canva.com/](https://www.canva.com/)





## चरण 3 :- Canva का निरीक्षण करना :-

जब आप Canva टाइप करते हैं, तो आपका वेब ब्राउज़र निम्न स्क्रीन दिखाता है। आप नेविगेशन बार में विभिन्न गतिविधियों से संबंधित कई विकल्प देख सकते हैं। Canva एक ही क्लिक में समान प्रकार के टूल्स का सार प्रस्तुत करता है।




## चरण 4 :- Canva में लॉगिन/साइनअप करें:-

ऊपर दाईं ओर आप लॉगिन या साइनअप का विकल्प देख सकते हैं। इस विकल्प पर क्लिक करें और लॉगिन आपके Gmail आईडी, Facebook आईडी या किसी अन्य तरीके से किया जा सकता है।





## चरण 5 :- Canva के द्वारा एनीमेशन विडियो का निर्माण करना:-


Canva में लॉगिन करने के बाद आपके सामने यह विंडो खुलती है। नेविगेशन बार से **Animation** टूल को चुनें और क्लिक करें। आप **Create a Design** पर भी क्लिक कर सकते हैं, जिससे आपको विभिन्न रूपरेखाएँ या फॉर्मैट्स मिलते हैं।





**Create A Design** पर क्लिक करके सर्च बार में **"Animation"** टाइप करते ही निम्न प्रकार की विंडो दिखाई देती हैं, जिसमे विभिन्न प्रकार के एनीमेशन दिखाई देते हैं ,जब हम एनीमेशन विडियो में क्लिक करते हैं तो हमे एक एनीमेशन की स्क्रीन नजर आती हैं , जिसके द्वारा आप अपनी खुद की प्रस्तुति बना सकते हैं ।




खाली एनीमेशन विडियो के बाएँ तरफ आपको **“Design”** विकल्प दिखाई देगा। इसमें आप विभिन्न प्रकार के रेडीमेड टेम्पलेट्स, लेआउट्स और स्टाइल्स चुन सकते हैं, जिनकी मदद से आप अपनी प्रस्तुति को और आकर्षक तथा इंटरएक्टिव बना सकते हैं। टेम्पलेट्स सेक्शन में आपको पहले से बने हुई एनीमेशन विडियो मिलते हैं, जिन्हें आप अपनी आवश्यकता अनुसार एडिट कर सकते हैं। लेआउट में आपको अपनी प्रस्तुति के लिए अलग-अलग आकर्षक लेआउट्स मिलते हैं। स्टाइल में आपको विभिन्न प्रकार की स्टाइल्स उपलब्ध होती हैं।




**Design** सेक्शन के नीचे **“Elements”** सेक्शन होता है, जिसमें आकर्षक और जानकारी पूर्ण प्रस्तुति (प्रेज़ेंटेशन) बनाने के लिए बहुत उपयोगी एलिमेंट्स दिए गए हैं। इस सेक्शन में आपको अलग-अलग आकृतियाँ (जैसे – वर्ग, रेखाएँ, वृत्त), ग्राफ़िक्स मिलते हैं।




एलिमेंट्स में कई प्रकार की ज्यामिति रचनाएं हमें मिलती हैं, जिनकी सहायता से, प्रकाश के अपवर्तन में प्रयुक्त होने वाली आपतित किरण , परावर्तित किरण, अभिलंब का सरलता से चित्रण किया जा सकता हैं।





एलिमेंट्स के ठीक नीचे टेक्स्ट का ऑप्शन भी उपस्थित होता है। जिसमें क्लिक करने के बाद हमें बहुत सारे टेक्स्ट के ऑप्शन मिलते हैं, जैसे हेडिंग, सबहेडिंग इनके द्वारा हमें अपने एनीमेशन में जो भी शब्द लिखने है उन्हें आसानी से लिखा जा सकता है साथ ही इनका कलर और फोंट आदि सेट किया जा सकता है ।





एनीमेशन वीडियो का एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा होता है वॉइस रिकॉर्डिंग , वीडियो के साथ ही वॉइस रिकॉर्डिंग का ऑप्शन भी में दिया जाता है जिसे हम मोबाइल या किसी भी ऑडियो रिकॉर्डिंग डिवाइस से रिकॉर्ड करके एनीमेशन वीडियो में ऐड कर सकते हैं, और जब हम फाइनल आउटपुट देखते हैं तो हमारा एनीमेशन वीडियो पूरी तरह ऑडियो और वीडियो मोड में चलता है ।




## चरण 6.1 :- एनीमेशन विडियो साझा (Share) करना :-

| | |
|---|---|
| अपने द्वारा बनाये गये एनीमेशन विडियो को दूसरों के साथ साझा करने के लिए, दाएँ ऊपरी कोने में **Share** बटन दिया होता है। इस पर क्लिक करने पर एक बॉक्स खुलेगा, जिसमें दो विकल्प दिखाई देंगे। पहला विकल्प है – ***Only you can access*** (सिर्फ आप देख सकते हैं) और दूसरा है – ***Anyone with the link*** (लिंक वाले सभी लोग देख सकते हैं)।<br><br>साझा करने के लिए आपको **Anyone with the link** वाला विकल्प चुनना होगा। | <br> |

## चरण 6.2 :- एनीमेशन विडियो डाउनलोड करना:-

| | |
|---|---|
|  | Canva में आप अपने द्वारा बनाये गये एनीमेशन विडियो को डाउनलोड भी कर सकते हैं ,ताकि उसे आसानी से साझा किया जा सके। यह सुविधा विशेष रूप से उन जगहों पर उपयोगी होती है जहाँ नेटवर्क सही ढंग से काम नहीं करता। इसके लिए **Download** पर क्लिक करें और फिर अपनी आवश्यकता के अनुसार दस्तावेज़ (Document) का फॉर्मेट चुनें। |

# निष्कर्ष:-

वर्तमान समय में शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, आकर्षक और सरल बनाने के लिए तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग आवश्यक है। कैनवा (Canva) एक ऐसा मंच है, जो शिक्षकों को डिजिटल पाठ योजनाएँ बनाने में मदद करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म न केवल समय और श्रम की बचत करता है, बल्कि शिक्षकों को अपनी रचनात्मकता दिखाने और छात्रों के लिए अधिगम को रोचक एवं इंटरएक्टिव बनाने का अवसर भी प्रदान करता है।

कैनवा का उपयोग कर तैयार की गई पाठ योजनाएँ ग्राफिक्स, एनीमेशन, चार्ट्स, इन्फोग्राफिक्स और ऑडियो-विजुअल टूल्स से सुसज्जित होती हैं, जिससे छात्रों की सीखने में सक्रिय भागीदारी बढ़ती है। सहयोग (Collaboration) की सुविधा से शिक्षक आपसी विचार-विमर्श द्वारा और बेहतर सामग्री तैयार कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह सामग्री डिजिटल और प्रिंट दोनों रूपों में उपयोग योग्य होती है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि "कैनवा शिक्षण और अधिगम की गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का एक अभिनव और सशक्त साधन है।" यह न केवल शिक्षक को तकनीकी दक्षता प्रदान करता है बल्कि छात्रों के लिए सीखने की प्रक्रिया को मनोरंजक और यादगार अनुभव बना देता है।

video link - https://youtu.be/q_SyaDQPGoY